









विवरणिका

# आस्था महाविद्यालय


पीपल्दा रोड़, इटावा, जिला–कोटा (राजस्थान)

Ph. : 07458-225114, 9828466262, 9413128104, 9950555967

## प्राचार्य सन्देश



डॉ. कमलेश दायमा

प्राचार्य
आस्था महाविद्यालय, इटावा

प्रिय विद्यार्थियों !

आपका आस्था महाविद्यालय में स्वागत है। आप अपने विद्यार्थी जीवन के 3 से 4 वर्ष इस महाविद्यालय में व्यतीत करेंगे। आशा है, जब आप विद्याध्ययन के पश्चात् इस संस्थान से उच्च अध्ययन या सेवा के लिए प्रस्थान करेंगे, तो यहाँ से प्राप्त ज्ञान और मूल्यों के प्रति आपके हृदय में अबाध श्रद्धा होगी। इन वर्षों में आप कला, साहित्य, सामाजिक एवं मानविकी, वाणिज्य एवं अमूर्त अवधारणाओं के विषय में प्राप्त अनुभवों को संचित कर लेंगे। हमारी आशा है कि आप अपने सहपाठी मित्रों के साथ विविध गतिविधियों के माध्यम से परस्पर मैत्रीपूर्ण एवं सहयोगात्मक सम्बन्ध स्थापित करेंगे। यदि आप यह सीख लेंगे तो आपके महाविद्यालय में व्यतीत किए गये वर्ष सार्थक एवं स्मरणीय हो जायेंगे।

मैं आपके सुखद भविष्य की कामना करता हूँ और मेरा आशीर्वाद आप लोगों के साथ जीवन पर्यन्त बना रहेगा।

## प्रबोधन

प्रिय विद्यार्थियों !

भारत राष्ट्र के कर्णधारों , उठो ! जागो !!

विद्वानों से सद्ज्ञान हेतु सन्मार्ग को प्राप्त करो। स्वाध्याय सफलता की कुँजी है, इसमें आलस्य उचित नही है। आपका यह महाविद्यालय पिछले बीस वर्षों से इटावा की धरती पर संचालित है। इस अल्पअवधि में ही इस महाविद्यालय ने अनेक कीर्तिमान स्थापित किए हैं। आप अपने प्रवेश के साथ ही इस महाविद्यालय के अभिन्न अंग हो गए हैं, इसलिए इस महाविद्यालय को शत्-प्रतिशत गुणवत्ता स्तर तक ले जाना अब आप लोगों का दायित्व है। यह महाविद्यालय इस क्षेत्र का प्रथम एवं एक मात्र उच्च शिक्षण संस्थान है, अब इसे विकास की नवीनतम एवं शीर्षतम ऊँचाइयों तक ले जाना है। विद्वान संकाय सदस्य और हम सब आपके हैं, आपके लिए ही हैं, और पूरी तरह से आपके प्रति समर्पित हैं। आओ हम सब मिलकर ''आस्था'' की विरासत को आगे बढ़ायें।

महाविद्यालय में अध्ययन के दौरान आप के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास और बेहतर जीवन मूल्यों की स्थापना के लिए हम कृत संकल्प हैं। बेहतर शिक्षा, रोजगार के उन्नत अवसर और जीवन के विभिन्न क्षेत्रें में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने की आपकी असीम महत्वाकांक्षा में सहयोग देने के लिए हम हमेशा प्रतिबद्ध हैं। क्षेत्र में शिक्षा की आवश्यकता एवं विद्यार्थियों में उच्च शिक्षा के प्रति बढ़ती तृष्णा के कारण ही महाविद्यालय में अब, बी.ए. के साथ-साथ बी. एससी. बी.ए.बी.एड/बी.एससी., बी.एड (चार वर्षीय एकीच्चत पाठ्यक्रम ) तथा बी.एड. (2 वर्षीय पाठ्यक्रम) का संचालन भी किया जा रहा है। महाविद्यालय का रोजगार परामर्श प्रकोष्ठ आप लोगों के लिए उपाधि प्राप्त होने के बाद रोजगार की नवीन सम्भावनाओं से परिचित कराने में आपको अपनी सेवायें प्रदान करेगा। आपके शिक्षक आपके पथ प्रदर्शक, अग्रज एवं मित्र हैं। मैं आशा करती हूँ कि आप अपने शिक्षकों के प्रति स्नेह एवं सम्मान का भाव रखेंगे।



डॉ. अनीता दायमा
प्रबन्ध निदेशक
आस्था ग्रुप ऑफ एजुकेशन

# प्रवेश प्रक्रिया

1. महाविद्यालय में प्रवेश निदेशालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर द्वारा घोषित प्रवेश नीति के अनुसार किए जाऐंगे।
2. महाविद्यालय में सीटें सीमित है अत: शीघ्र प्रवेश लीजिए। प्रवेश आवेदन पत्र को भरकर स्वयं सत्यापित योग्यता प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित तिथि तक जमा करावें तथा अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए प्राचार्य तथा प्रवेश समिति के सदस्यों से सम्पर्क करें।
3. प्रवेश आवेदन पत्र जमा कराने के पश्चात् समय-समय पर अपनी वरीयताक्रम देखकर फीस जमा करायें। फीस जमा होने के उपरान्त ही आपका महाविद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित होगा।
4. फीस जमा कराने के 10 दिन के अन्दर ही अपना नाम अपने-अपने विषय की कक्षाओं में उपस्थिति पंजिका में नोट करवा लें अन्यथा प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
5. विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु महाविद्यालय की कक्षाओं में 75 प्रतिशत उपस्थिति आवश्यक है।
6. विश्वविद्यालय परीक्षा फार्म भरे जाने से पूर्व महाविद्यालय में पूरी फीस जमा कराना आवश्यक होगा। अन्यथा छात्र विश्वविद्यालय द्वारा भरे जाने वाले फार्म भरने का हकदार नहीं होगा एवं इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व छात्र का एवं उसके संरक्षक का होगा।
7. महाविद्यालय में विद्यार्थियों को फीस दो चरणों में देने की सुविधा है। **प्रथम किश्त प्रवेश के समय देय होगी और शेष द्वितीय किश्त विश्वविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व जमा करानी होगी।** यदि किसी कारण से छात्र परीक्षा फार्म भरने में असमर्थ रहता है तो यह जिम्मेदारी स्वयं छात्र/छात्रा की होगी। कृपया संरक्षक इसे गम्भीरता से लेवें। यदि विद्यार्थी द्वितीय किश्त का भुगतान नहीं कर पाता है, तो महाविद्यालय उसे फार्म भरने की अनुमति नहीं देगा तथा पूर्व में जमा प्रथम किश्त भी नहीं लौटाई जायेगी।
8. बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर विद्यार्थी को प्रतिदिन के हिसाब से 10 रूपया आर्थिक जुर्माने से दण्डित किया जायेगा।
9. एक बार फीस जमा होने पर महाविद्यालय छोड़ने पर फीस नहीं लौटाई जायेगी।

# प्रवेश नवीनीकरण

1. बी.ए/बी.एससी. पार्ट प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी परिणामों की घोषणा की प्रतीक्षा किये बिना ही अण्डरटेकिंग फार्म एवं फीस जमा कर अगली कक्षा में प्रवेश प्राप्त कर लें। परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर फीस की राशि वापिस लौटा दी जायेगी।
2. परिणाम घोषित होने के 15 दिन के अन्दर अपने सत्यापित प्रमाण-पत्र कार्यालय में जमा करायें।
3. विद्यार्थी पर किसी प्रकार का कोई शुल्क बकाया नहीं हो।

# स्नातक पाठ्यक्रम

1. कृपया सावधानी पूर्वक अध्यापन के विषय देख लें तथा उस विषय समूह का चयन न करें जिसकी अनुमति हमने प्रदान नहीं की है।
2. महाविद्यालय में कला एवं विज्ञान संकाय के निम्न विषयों का अध्यापन किया जाता है।

## अनिवार्य विषय :

1. सामान्य हिन्दी
2. सामान्य अंग्रेजी
3. पर्यावरण अध्ययन
4. प्रारम्भिक कम्प्यूटर अनुप्रयोग

## ऐच्छिक विषय : बी.ए.

1. अंग्रेजी साहित्य
2. हिन्दी साहित्य
3. भूगोल
4. राजनीति विज्ञान
5. समाजशास्त्र
6. इतिहास
7. अर्थशास्त्र

## ऐच्छिक विषय : बी.एससी.

**1. बायोलोजी** 1. रसायन शास्त्र 2. वनस्पति शास्त्र 3. प्राणी शास्त्र

**2. मेथेमेटिक्स :** 1. रसायन शास्त्र 2. गणित 3. भौतिक शास्त्र

## विषय समूह :

1. स्नातक स्तर पर आपको एक ही विषय समूह लेना होगा।
2. विषय समूह की अनुपलब्धता पर फीस जमा कराने के समय कोई भी समूह आपको कॉलेज द्वारा आवंटित कर दिया जावेगा।
3. वांछित विषय समूह कम से कम 20 विद्यार्थियों के होने पर ही दिया जायेगा।
4. एक बार ऐच्छिक विषय निर्धारित होने के पश्चात् उनमें कोई भी परिवर्तन नहीं किया जायेगा।
   प्राचार्य की आज्ञा से अपरिहार्य परिस्थितियों में प्रवेश की अन्तिम तिथि के 15 दिन के भीतर विषय परिवर्तन 50 रुपये शुल्क जमा कराने पर सम्भव होगा।
5. निम्न विषय समूह एक साथ में लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

समाज शास्त्र या राजनीति विज्ञान

अर्थशास्त्र या इतिहास

हिन्दी साहित्य या अंग्रेजी साहित्य

भूगोल

## सामान्य दिशा निर्देश :

1. छात्र/छात्रायें शुल्क कार्यालय में निर्धारित खिड़की पर कैशियर के पास ही जमा करायें व आवश्यक रसीद प्राप्त कर लें तथा उसे सुरक्षित रखें। रसीद के बिना कोई भी राशि जमा नहीं करायें।
2. कैशियर के अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति महाविद्यालय की ओर से शुल्क प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत नहीं है। छात्र/छात्राएँ स्वयं कैशियर के पास फीस जमा करायें।
3. अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने छात्र/छात्रा की प्रगति की जानकारी समय-समय पर अवश्य प्राप्त करें। इसके लिए सीधे प्राचार्य अथवा सम्बन्धित प्राध्यापकों से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। छात्र/छात्राओं के हित के लिए इस प्रकार का सम्पर्क बनाए रखना उपयोगी होगा।
4. अभिभावक/संरक्षक अपने छात्र/छात्राओं के आचरण, व्यवहार एवं बकाया शुल्क आदि के लिए उत्तरदायी होंगे। फीस निर्धारित तिथि तक अवश्य जमा करा दें अन्यथा महाविद्यालय प्रशासन को इस सम्बन्ध में सम्पूर्ण कार्यवाही करने का अधिकार होगा।
5. महाविद्यालय परिसर में मोबाइल के प्रयोग पर पूर्णत: पाबन्दी है। अत: छात्र सावधानी बरतें। उपयोग किये जाने पर मोबाई जब्त कर लिया जायेगा।
6. प्रत्येक छात्र/छात्रा को महाविद्यालय में अपना परिचय पत्र अवश्य लेकर आना है। इसके बगैर उसे महाविद्यालय से मिलने वाली समस्त सुविधाओं से वंचित रहना पड़ सकता है।






## कला संकाय

### शुल्क का विवरण-सत्र 2024-25

| शुल्क का विवरण | बी.ए.प्रथम वर्ष | बी.ए. द्वितीय वर्ष | बी.ए. तृतीय वर्ष |
|---|---|---|---|
| प्रवेश शुल्क | 2000 | 2000 | 2000 |
| शिक्षण शुल्क | 9000 | 10000 | 11000 |
| कुल योग | 11000 | 12000 | 13000 |
| | 5500+5500 | 6000+6000 | 6500+6500 |

नोटः भूगोल विषय लेने पर विद्यार्थियों को प्रायोगिक शुल्क 1000/- अतिरिक्त देय होगा।

## विज्ञान संकाय

### शुल्क का विवरण-सत्र 2024-25

| शुल्क का विवरण | बी.ए.प्रथम वर्ष | बी.ए. द्वितीय वर्ष | बी.ए. तृतीय वर्ष |
|---|---|---|---|
| प्रवेश शुल्क | 2000 | 2000 | 2000 |
| शिक्षण शुल्क | 14000 | 15000 | 16000 |
| प्रायोगिक शुल्क | 3000 | 3000 | 3000 |
| कुल योग | 19000 | 20000 | 21000 |
| | 9500+9500 | 10000+10000 | 10500+10500 |

नोट : समस्त शुल्क एक साथ जमा कराने पर 10 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।
शुल्क दो किस्तों में जमा कि जा सकती है। प्रथम किस्त 50 प्रतिशत एवं द्वितीय किस्त 50 प्रतिशत
विश्वविद्यालय परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय के नियमानुसार निश्चित तिथि तक परीक्षा फार्म के साथ जमा कराने का उत्तरदायित्व छात्र/छात्रा का होगा।
विश्वविद्यालय परीक्षा शुल्क संबंधी सूचना महाविद्यालय के सूचना पट्ट पर यथा समय लगा दी जायेगी।
एक बार जमा कराया गया शुल्क वापिस नहीं दिया जायेगा।
यदि महाविद्यालय छोड़ने की सूचना उचित समय पर नहीं दी गई तो विद्यार्थी से समूचे सत्र का शुल्क लिया जायेगा।



सत्र 2004.05 में महाविद्यालय की स्थापना के समय 103 विद्यार्थियों का प्रवेश था, सत्र 2024.25 में बढ़कर 1600 हो गया। महाविद्यालय विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये नि:शुल्क कक्षाएँ समय-समय पर संचालित करवाता है। जिसके परिणाम स्वरूप पिछले 20 वर्षों में लगभग 1100 से अधिक विद्यार्थियों का विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन हो चुका है।

महाविद्यालय ने पिछले 20 अकादमिक सत्रों में संकाय सदस्यों तथा विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत एवं लगन के परिणामस्वरूप अति उत्साहवर्धक परीक्षा परिणाम दिये हैं, तथा बालिकाओं को उच्च शिक्षा हेतु अवसर प्रदान करने में महाविद्यालय ने महत्ती भूमिका निभाई है। जिसके परिणामस्वरूप इटावा क्षेत्र में बालिका शिक्षा के प्रति जागृति पैदा हुई है।






## पुस्तकालय

इस महाविद्यालय का पुस्तकालय क्षेत्र के उत्कृष्ठ एवं समृद्ध पुस्तकालयों में से एक है। पुस्तकालय प्रात: 10.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक विद्यार्थियों को अपनी सेवा उपलब्ध करा रहा है। हर वर्ष नई पुस्तकों एवं अन्य पठन सामग्री को पुस्तकालय से जोड़ता है। पुस्तकालय को अत्याधुनिक सुविधाओं से जोड़ने का काम जारी है।

## प्रयोगशाला

इस महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिए भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान तथा जीव विज्ञान की आधुनिक एवं उत्कृष्ट प्रयोगशाला की सुविधा तथा आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित भूगोल प्रयोगशाला है।



## उपलब्धियाँ :

**खेलकूद :** महाविद्यालय में खेलकूद गतिविधियों को समुचित प्रोत्साहन किया जाता है। महाविद्यालय की टीम कई बार पुरूष एवं महिला वर्ग में विश्वविद्यालय की विजेता टीम रही है।

**परीक्षा परिणाम :** महाविद्यालय विगत 20 वर्षों से क्षेत्र का सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम देने वाला संस्थान स्थापित हुआ है। कई बार महाविद्यालय ने शत् प्रतिशत परीक्षा परिणाम दिया है।

**परीक्षा केन्द्र :** महाविद्यालय में अपने स्थापना वर्ष 2004 से ही विश्वविद्यालय परीक्षा केन्द्र रहा है।

**स्व अध्ययन केन्द्र:** महाविद्यालय में वातानुकूलित स्वअध्ययन केन्द्र की व्यवस्था।





